हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, बुधवार 13 अगस्त 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण



08 शहर में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा



## खबर संक्षेप

### पहली बार 17 अगस्त को होगी शतरंज प्रतियोगिता

**विदिशा।** शहर के खेल प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबर है। विदिशा में पहली बार शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 17 अगस्त को मगधम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की जाएगी। इसमें सभी उम्र वर्ग के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते हैं। आयोजकों ने बताया कि इच्छुक खिलाड़ी अपना पंजीकरण मोबाइल नंबर 9340708612 पर करा सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क 200 निर्धारित किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य शहर में बौद्धिक खेलों को बढ़ावा देना और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। आयोजकों का कहना है कि इस तरह के कार्यक्रम से युवा पीढ़ी में शतरंज के प्रति रुचि बढ़ेगी और नई प्रतिभाएं मिलेंगी।


### डॉक्टर रंगनाथन के जन्मोत्सव पर एआई के उपयोग पर हुई चर्चा

**विदिशा।** पद्मश्री डॉ रंगनाथन का 133वां जन्मदिन 12 अगस्त को एसएटीआई कॉलेज में नेशनल लायब्रेरी डे के रूप में मनाया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. वाय के जैन की अध्यक्षता में एआई के युग में पुस्तकालय की प्रासंगिकता विषय पर एक पैनल डिस्कशन हुआ। जिसमें समस्त बिभागाध्यक्षों, प्रोफेसर्स के अलावा अन्य शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ ने अपने विचार रखे। डॉ जे. पाराशर, चेयरमेन लाइब्रेरी कमेटी ने स्वागत भाषण दिया एवं कार्यक्रम के आयोजक लायब्रेरियन डॉ संजीव कुमार साहू ने डॉ. रंगनाथन जी के जीवन वृतांत का वर्णन किया । डॉ. वाय के जैन ने एआई के उपयोग को पुस्तकालय में अपनाने का सुझाव दिया, प्रो. केके पंजाबी ने संस्थान की लायब्रेरी के लगातार हो रहे विकाश की चर्चा की।

### शासकीय स्कूल में साइकिल वितरण हुआ

**कुरवाई।** मंगलवार को शासकीय कन्या उमावि में छात्राओं के लिए साइकिल वितरण एवं मेडल-प्रशस्ति पत्र प्रदान करने का कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पात्र छात्राओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। वहीं विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेलकूद गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। एवं कक्षा 10 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कुमारी कीर्ति कुशवाह एवं कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली कुमारी इंसा बी का मेडल एवं शील्ड देकर सम्मान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राकेश चौबे ने मुख्य अतिथि सहित सभी विशिष्टजनों का शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह से सम्मान किया।

### तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे



**कुरवाई।** मंगलवार को नगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा भाजपा मेहलुआ मंडल के ग्राम बरबाई से प्रारंभ होकर मेहलुआ होते हुए कुरवाई मंडल में घुंघट गार्डन से नगर में निकाली गई। जो मुख्य बाजार होते हुए बस स्टैंड पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में देशभक्ति के गीतों और नारों से माहौल गूंज उठा। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी और नगरवासी हाथों में तिरंगा लेकर इस यात्रा में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे पूरे जोश के साथ हाथों में तिरंगा लिए यात्रा में शामिल हुए। बस स्टैंड पर आम सभा का आयोजन किया गया। जहां विधायक सप्रे ने कहा कि हमें दुख होता है कि देश में कांग्रेस जैसा विपक्ष है, जो राजनीतिक लाभ के लिए अपनी ही सेना के पराक्रम पर सवाल उठाता है और सबूत मांगता है।

**विरोध प्रदर्शनः** शहर की गड्ढों भरी सड़कों के विरोध में कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

# गड्ढों में रंगोली बनाकर दिखाया आईना, पूर्व सीएम को आज काले झंडे दिखाएंगे कांग्रेसी

शहर की खराब सड़कों के विरोध में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यालय से पुरानी सब्जी मंडी तक सड़क के गड्ढों के चारों ओर रंगोली बनाकर आम लोगों को हो रही परेशानी को उजागर करने का प्रयास किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहर की बदहाल सड़कों और बड़े-बड़े गड्ढों के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यालय के सामने सड़क पर बने गड्ढों से लेकर पुरानी सब्जी मंडी के मुख्य मार्ग तक गड्ढों के चारों ओर रंगोली बनाई गई। कार्यक्रम के आयोजक और कांग्रेस नेता रवि साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 18 साल तक मप्र के मुख्यमंत्री रहते हुए और 10 लाख वोटों से विदिशा से लोकसभा चुनाव जीतकर भी इस शहर की सुध नहीं ली।

पूरा शहर गड्ढों में तब्दील हो चुका है। गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य बाजार तक की सड़कें खुदी पड़ी हैं, जिनमें बड़े-बड़े गड्ढे जनता के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विदिशा में अगर कहीं उच्च स्तरीय सड़क निर्माण हुआ है, तो वह ढ़ोलखेड़ी क्षेत्र में है। जहां शिवराज सिंह चौहान और उनके चहेतों की जमीनें हैं। खराब सड़कों के विरोध में आज कांग्रेसी पूर्व सीएम को काले झंडे दिखाएंगे। प्रदर्शन में शामिल मोहित रघुवंशी ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने अपने कार्यकाल में विदिशा के विकास के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिसके कारण आज जनता त्रस्त है। मप्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि मोदी और शिवराज डबल इंजन की सरकार की बात करते हैं, लेकिन विदिशा में तो डबल ही नहीं, तीन-चार इंजनों की सरकार चल रही है।

फिर भी जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। सड़कों की हालत इतनी खराब है कि लोग रोज हादसों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार पर विदिशा की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब इस 'डबल इंजन' के झूठे वादों से तंग आ चुकी है।

प्रदर्शन के दौरान जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण राजू अवस्थी, सुमित वैध, संदीप अमावते, संतोष चिडार, संजीव प्रजापति, राजू मालवीय, मिलन तिवारी, सुनील साहू, हनी गुप्ता, अक्षय राजपूत, मोहित चिड़ार, रामचरण अहिरवार, सुशील कुशवाह, मनोज नामदेव, भोला किरार, विकास किरार मोहन अहिरवार, मंगल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।



**विदिशा।** नगर के मुख्य मार्ग पर सड़कों के गड्ढों के चारों ओर रंगोली बनाकर विरोध दर्ज कराते हुए कांग्रेसी।

### जमकर वायरल हो रहीं प्रदर्शन की फोटो

कांग्रेस के इस प्रदर्शन ने न केवल स्थानीय प्रशासन और सरकार पर दबाव बढ़ाया है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह मुद्दा जोर पकड़ रहा है। कई लोगों ने गड्ढों पर बनी रंगोली की तस्वीरें साझा करते हुए सरकार से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

### शहर को पेरिस बनाने का दिखाया था सपना

कांग्रेस नेता रवि साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा को पेरिस बनाने का वादा किया था। इसलिए हमने इन गड्ढों पर रंगोली बनाकर उनका स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की अंदरूनी गुटबाजी के चलते विदिशा में विकास कार्य ठप पड़े हैं। नेता अपनी-अपनी वाहवाही लूटने में व्यस्त हैं। जिसके कारण जनता की समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा।

# भाजपा की तिरंगा यात्रा में शासकीय कर्मचारी शामिल हुए तो कलेक्टर से मांगेंगे जवाब

कांग्रेस प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, **कहाः** यह राजनैतिक कार्यक्रम है



**विदिशा।** ज्ञापन देकर प्रशासनिक मशीनरी के राजनैतिक दुरुपयोग का आरोप।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बुधवार को माधवगंज चौराहे से तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस यात्रा में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल होंगे। इस तिरंगा यात्रा को राजनैतिक कार्यक्रम बताते हुए मप्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा ।

जिसमें कहा गया है कि जिला प्रशासन की तिरंगा यात्रा का आयोजन हो चुका है। जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन शामिल था। आज 13 अगस्त को जो तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। वह भारतीय जनता पार्टी का आयोजन है और यह एक राजनैतिक कार्यक्रम है। इसमें शासकीय कर्मचारियों का शामिल होना उचित नहीं है। आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि स्थानीय विधायक द्वारा पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों की बैठक लेकर उन्हें इस यात्रा में अनिवार्य रूप से शामिल होने निर्देशित किया है जो अनुचित कार्य है।

ज्ञापन में कहा गया है कि आज निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा को शासकीय कार्यक्रम घोषित करें या फिर अगर यह भाजपा का कार्यक्रम है तब इसमें किसी भी शासकीय कर्मचारी के न शामिल होने के निर्देश जारी किए जाएं। ताकि शासकीय मशीनरी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, नपा कर्मचारियों का भीड़ बढ़ाने में दुरूपयोग न हो सके। अगर भाजपा के इस राजनैतिक कार्यक्रम में शासकीय कर्मचारी शामिल होते हैं तो जवाब मांगा जाएगा।

# तिरंगा यात्रा में शामिल होने नपाध्यक्ष को नहीं दी सूचना

भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर में लगाए गए होर्डिंग से नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का फोटो भी गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भाजपा में अंदरूनी कलह अब खुलकर दिखाई देने लगी है। भाजपा द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा वाहन रैली के लिए लगाए गए होर्डिंग में विदिशा नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का फोटो तक नहीं लगाया गया।

नपाध्यक्ष शहर की प्रथम नागरिक हैं और भाजपा से चुनाव जीतकर नपाध्यक्ष बनीं हैं। इसके बाद भी उन्ही की पार्टी के कार्यक्रम में उन्हे नजर अंदाज किया जा रहा है। इस संबंध में नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा का कहना है कि तिरंगा यात्रा और वाहन रैली के भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रम के संबंध में उन्हे कोई आमंत्रण नहीं मिला है। होर्डिंग में फोटो क्यों नहीं लगाया गया है यह भाजपा जिलाध्यक्ष बता सकते हैं। बता दें की आज आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा आ रहे हैं। इसके बाद भी पार्टी के अंदर चल रही अंदरूनी कलह को दबाने की जगह उजागर किया जा रहा है।




# बोट से बीच नदी में जाकर तिरंगा फहराकर जिपं अध्यक्ष ने दिया देशभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस कमांडेंट ऑफिसर के नेतृत्व में मंगलवार को बेतवा नदी के बड़बाले घाट पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में जिला डिजास्टर टीम के अधिकारी-कर्मचारी, जिला पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान होमगार्ड के जवानों के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने बोट की सहायता से बेतवा नदी के मध्य जाकर झंडा वंदन किया। इस आयोजन ने उपस्थित जनों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने कहा कि देश के प्रतीक तिरंगे के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना को हम सभी जीवन में अपनाएं। एकजुट होकर स्वच्छ और सुरक्षित भारत का निर्माण करें। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और वंदे मातरम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हुआ।



विदिशा। बीच नदी में जाकर देशभक्ति की भावना से फहराया गया तिरंगा।

# जनसुनवाई में पहुंचकर किया आत्मदाह का प्रयास, बचाया

रेलवे ट्रैक पर मिला था बेटे का शव, मां ने परिवार के लोगों पर ही लगाया हत्या का आरोप, जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को जनसुनवाई में एक मां ने अपने बेटे की मौत को हत्या बताते हुए न्याय न मिलने की बात कहते हुए आत्मदाह का प्रयास किया। मृतक की मां मुन्नी बाई पेट्रोल लेकर जनसुनवाई में पहुंची। जैसे ही उसने आत्मदाह का प्रयास किया वहां मौजूद लोगों ने उसे देख लिया और पेट्रोल छीन लिया।

चार लोगों पर बेटे की हत्या का आरोप लगाया है। मां मुन्नी बाई का कहना है कि गुलाबगंज पुलिस और जीआरपी ने अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे ने बताया कि जीआरपी को जांच तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। एडिशनल एसपी के निर्देश पर मृतक का मोबाइल, जो पुलिस के पास है परिवार को सौंपा जाएगा। 21 जुलाई को मुन्नीबाई का बेटा लालू भोपाल जाने निकला। रात 2:54 बजे जीआरपी ने लालू के शव मिलने की सूचना दी थी।



### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पट्टिकाएं लगाने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** मंगलवार को नेता आशीष माहेश्वरी ने कलेक्टर के नाम एडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि विदिशा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम की पट्टिकाएं नहीं लगी हैं। इससे आने वाली पीढ़ी को उनके स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास के बारे में बताया जा सके और राष्ट्रीय पर्वों पर उनका स्मरण किया जा सके। उन्होंने ज्ञापन में माध्यम से कलेक्टर अंशुल गुप्ता से पट्टिकाएं लगवाने की मांग की है।

# विदेशी कंपनियों का बहिष्कार कर ट्रंप का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबी अभियान के तहत स्वदेशी जागरण मंच ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय कंपनियों पर मनमानी ट्रैफिक लागू करने के विरोध में ट्रंप का पुतला फूंका।

स्वदेशी जागरण मंच के विभाग संयोजक महिपाल सिंह राजावत ने आह्वान किया कि हमें विदेशी कंपनियां द्वारा जो भारत में व्यापार किया जा रहा है उसका बहिष्कार करना है। स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना है। उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेशाध्यक्ष राजेश जैन ने कहा कि हमें हमें हर हाल में राष्ट्र के साथ खड़े होने की आवश्यकता है। इस मौके पर निर्मला कौर ने मातृ शक्ति को संकल्प दिलाया कि घर में कोई भी विदेशी सामानों का प्रवेश नहीं होंने दें।

इस दौरान भूपेंद्र पाठक, सुखजीत सिंह काके, परसराम दुबे, राजकुमार अग्रवाल, बबीता सिंह चौहान, कुसुम मीणा, रितु राजपूत, बल्लू महाराज, अशोक कुशवाहा, प्रमोद पोरिया, राम साहू, वीरेंद्र मिर्ची सेठ, पप्पू सरदार, पवन नामदेव, रंजीत दांगी, गौरव सोनी, अतुल कटारे आदि मौजूद रहे।



# नशे के ओवरडोज से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को पुराने आरटीओ कार्यालय की जर्जर इमारत में एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मृतक के हाथ में नशे की सिरिंज लगी हुई थी और मुंह से झाग निकल रहा था। प्रारंभिक जांच में यह मामला नशे के ओवरडोज का माना जा रहा है। थाना प्रभारी आनंद राज ने बताया कि युवक लंबे समय से नशे का आदी था और ज्यादा मात्रा में नशा लेने से उसकी मौत हुई है।

फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे का नेटवर्क इतना मजबूत हो गया है कि छोटे-छोटे बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं।




**रजिस्ट्रीकरण अधिकारी फीनिक्स बायोसीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित सीहोरा जिला विदिशा**

**सूचना**

फीनिक्स बायोसीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित सीहोरा जिला विदिशा की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाऐं विदिशा, विकासखण्ड कार्यालय कुरवाई, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित विदिशा की शाखा कुरवाई के सूचना पटल पर दिनांक 11.08.2025 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 11.08.2025 से दिनांक 18.08.2025 तक श्री राहुल रजक, सचिव को कार्यालय फीनिक्स बायोसीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित सीहोरा में कार्यालयीन समय मे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण संस्था कार्यालय में दिनांक 19.08.2025 को दोपहर 2.00 बजे से किया जायेगा । आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थिति हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिशः सूचना नहीं दी जावेगी । यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा ।

**(एम.एस भदौरिया) रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**फीनिक्स बायोसीड्स एण्ड प्रोसेस्ड फूड को-ऑपरेटिव सोसायटी मर्यादित सीहोरा जिला विदिशा**

**सीबीएसई क्लस्टर 12 फुटबॉल प्रतियोगिता के मुकाबले हुए शुरू**

# स्प्रिंगफील्ड स्कूल में मप्र के फुटबॉलरों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर 12 फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर 14 आयु वर्ग से पहला मुकाबला सागर पब्लिक स्कूल भोपाल एवं साकेत एमजीएम स्कूल विदिशा के बीच खेला गया।

सागर पब्लिक स्कूल भोपाल ने यह मुकाबला 7/0 से जीत लिया। अगला मुकाबला होली फैमिली स्कूल भोपाल एवं शिशु कुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर के बीच खेला गया। जिसमें शिशु को इंटरनेशनल स्कूल ने यह मुकाबला 4/0 से जीत लिया। अंडर 14 आयु वर्ग से अगला मुकाबला सत्य प्रकाश पब्लिक स्कूल एवं श्री सत्य साइन स्कूल इंदौर के बीच खेला गया। जिसमें श्री सत्य साइन स्कूल ने यह मुकाबला 8/0 से जीत लिया। अगला मुकाबला लिटिल एंजेल स्कूल ग्वालियर एवं पोदार वर्ल्ड स्कूल भोपाल के बीच खेला गया, जिसमें लिटिल एंजेल स्कूल ने मुकाबला 9/0 से जीता।

अंडर 14 आयु वर्ग से अगला मुकाबला सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल बुदनी एवं माइक्रो विज़न अकादमी बुरहानपुर के बीच खेला गया। सेंट फ्रांसिस कान्वेंट बुधनी ने यह मुकाबला 4/0 से जीता। अंडर 17 आयु वर्ग में पहला मुकाबला मिट्ठी गोविंदराम स्कूल भोपाल एवं कैंपियन स्कूल भौरी भोपाल के बीच खेला गया। मिट्ठी गोविंद राम ने तीन एक से मुकाबला जीता। अगला मुकाबला ट्रिनिटी कान्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल विदिशा एवं आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल के बीच खेला गया जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल भोपाल ने एक जीरो से यह मुकाबला जीता। दिन का अगला मुकाबला अंडर 17 आयु वर्ग से ईलवा हाई सेकेंडरी स्कूल इंदौर एवं ऑरिएंटल स्कूल भोपाल के बीच खेला गया। जिसमें ईलवा हाई सेकेंडरी स्कूल ने यह मुकाबला 6/0 से जीत लिया।



**विदिशा।** टीम को जिताने के लिए गोल करने का प्रयास करता हुआ खिलाड़ी।

# डीआरएम ने किया स्टेशन का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



मंगलवार को सुबह के समय भोपाल रेल मंडल के नवागत मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी का प्रथम नगर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने नव निर्मित रेल्वे स्टेशन का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

यहां उल्लेखनीय है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत किया जा रहा है। इसके तहत अधिकांश कार्य पूर्ण हो चुका है और कुछ काम शेष रह गया है। मंगलवार को नवागत डीआरएम पंकज त्यागी ने रेलवे स्टेशन के निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित मुख्य भवन, डिप्टी एसएस कक्ष, प्लेटफार्म विस्तारीकरण, नए बने शेड, मुख्य प्रवेश द्वार, सर्कुलेटिंग ऐरिया, वाहन स्टैंड, ऑटो पार्किंग स्टैंड आदि का निरीक्षण किया और अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर नवागत डीआरएम से नागरिकों ने नगर के हित में रीवा एक्सप्रेस, प्रतापगढ़ एक्सप्रेस, गोरखपुर एक्सप्रेस, बेंगलुरु ट्रेन के स्टॉपेज की मांग की। डीआरएम को सौंपे गए मांग पत्र में कहा गया है कि उक्त ट्रेनों के स्टॉपेज हो जाने से गंजबासौदा सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को लाभ मिल सकेगा। वहीं रेलवे अधिकारियों ने डीआरएम को वार्ड क्रमांक 1 और 2 के नागरिकों के लिए रास्ता देने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों ने मछली बाजार के पास से रास्ते की मांग की है। जिस पर डीआरएम का कहना था कि रेलवे बाउंड्रीवाल को हटाकर उस स्थान से रास्ता देना तकनीकी एवं अन्य व्यवहारिक कठिनाइयों के चलते संभव नहीं हो सकता है। उन्होंने इस मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करने और सर्वे के बाद नागरिकों के लिए रास्ता उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की बात कही।

## निकाली तिरंगा यात्रा



गंज बासौदा। मंगलवार की शाम भाजपा ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का शुभारंभ रेलवे स्टेशन हनुमान मंदिर से हुआ। जहां से यात्रा नेहरू चौक, जय स्तंभ चौक होते हुए शीतला शक्ति धाम मंदिर पहुंची। जहां यात्रा का समापन किया गया। यात्रा में विधायक हरिसिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेन्द्र रघुवंशी, मनोज यादव, पार्षद गण सहित भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। सभी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लिए थे और यात्रा के आगे डीजे पर देशभक्ति गीत बज रहे थे।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**गंजबासौदा।** चुनाव आयोग द्वारा वोट चोरी के खिलाफ एवं नेता विपक्ष राहुल गांधी एवं सांसदों की गिरफ्तारी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जय स्तंभ चौक पर विकास शर्मा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन में सत्प्रकाश सेन, सुनील बाबू पिंगले, रवि तिवारी, जगदीश व्यास, राजकुमार सेन, पृथ्वी रघुवंशी, जगदीश सुहाने, संतोष अहिरवार, चंद्र प्रताप सिंह रघुवंशी, विनोद मलैया, विनोद जैन, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।









**रैली में बाइक पर सवार होकर निकले कलेक्टर-एसपी, यातायात नियमों का पालन करते हुए दिया स्वच्छता का संदेश**

**बाइक पर लहराते राष्ट्रीय ध्वज और भारत माता की जयघोष ने नगर को देश-प्रेम से किया सराबोर**

# शहर में निकाली विशाल तिरंगा यात्रा

- रैली में शामिल लोगों ने दिया स्वच्छता का संदेश
- स्कूल के बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर हुए शामिल
- तिरंगा यात्रा में गूंजते देशभक्ति के तराने व भारत माता के जयघोष





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मंगलवार को रायसेन में जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा तथा एसपी पंकज पाण्डे की अगुवाई में भव्य तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। शहर की सड़कों पर बाइक में लहराते राष्ट्रीय ध्वज और गूंजते देशभक्ति के गीत व भारत माता की जय के उद्घोष ने वातावरण को देश-प्रेम से सराबोर कर दिया। यह बाइक रैली पुलिस लाइन परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होते हुए सागर तिराहा पहुंची, जहां राष्ट्रगान के साथ रैली का समापन हुआ।

समापन पर कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों के बलिदान को नमन करना और नई पीढ़ी में राष्ट्रप्रेम व कर्तव्यनिष्ठा की भावना को जागृत करना है।

उन्होंने कहा, तिरंगा हमारी एकता, बलिदान और गौरव का प्रतीक है, इसे सम्मान और गर्व के साथ लहराना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने नागरिकों से आव्हान करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में सभी सहभागी बनें और अपने घर, प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज संहिता का पालन करते हुए तिरंगा ध्वज फहराएं।

बाईक रैली में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, एएसपी कमलेश कुमार सहित अनेक जिला अधिकारी, कर्मचारी, पुलिसकर्मी, विद्यार्थी और आमजन सम्मिलित हुए।

### ध्वज संहिता के पालन करने का लिया संकल्प : एसपी पांडे

एसपी श्री पाण्डे ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और नागरिकों को संकल्प दिलाया कि हम भारत के नागरिक हैं और तिरंगा हमारा राष्ट्रीय ध्वज है। तिरंगा हमारे देश का गौरव है और हर व्यक्ति में देशभक्ति की भावना जगाता है। हम सत्यनिष्ठा से अपने देश और राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करने का संकल्प लेते हैं। सभी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने के लिए भारत के ध्वज संहिता का पालन करने का भी संकल्प लिया।

*हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराकर बच्चे हुए शामिल*

## स्कूली बच्चों ने निकाली नगर में तिरंगा रैली, भैया-बहनों ने बनाई रंगोलियां

**सिलवानी।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान को लकर समाज के प्रत्येक वर्ग के द्वारा आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में सहभागिता की जा रही हैं। मंगलवार को नगर परिषद के द्वारा नगर में तिरंगा रैली निकाली गई।

रैली का आगाज नप कार्यालय से किया। जहां सीएमओ ऋषिकांत यादव द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान की जानकारी से अवगत कराया तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नप कार्यालय से रवाना होकर मुख्य मार्गो से होती हुई तहसील तिराहा पहुंची, जहां से वापस प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर समाप्त हो गई। रैली में शामिल स्कूली विद्यार्थी देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगा रहे थे तथा हाथों में देश की आनवान शान के प्रतीक तिरंगे को लहलहा रहे थे।




**शिशु मंदिर में रंगोली प्रतियोगिता हुई आयोजित**

*रैली समाप्ति के बाद नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत सीएमओ ऋषिकांत यादव की उपस्थिति में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जहां पर कि स्कूली भैया बहनो के द्वारा देश भक्ति से संबंधित रंगोली उकेली गई। कार्यक्रम में पार्षद प्रदीप कुशवाहा, लखन मेहरा, पार्षद प्रतिनिधि गुडडु खान, नप कर्मचारी आदि मौजूद रहें।*

## नगर में हुआ तिरंगा यात्रा का आयोजन, हजारों लोग हुए शामिल



**बाड़ी।** घर घर तिरंगा हर घर तिरंगा को लेकर नगर में झंडा यात्रा निकाली गई, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ नगर सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। भाजपा मंडल कार्यालय से प्रारंभ हुई तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र पटवा भी बाइक पर सवार होकर शामिल हुए। से निकले। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापिस कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर एसडीएम संतोष मुद्गल, जनपद सीईओ दानिश खान, धर्मेंद्र चौहान, पंकज श्रीवास्तव, सुरेश पाल सहित हजारों लोग शामिल हुए।

*अतिवृष्टि से किसानों की फसलें हुई चौपट*

## कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर राहत राशि की लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले की सिलवानी तहसील में अतिवृष्टि से तुअर, सोयाबीन और धान की फसलें चौपट हो गई हैं। ग्राम बूढ़ा में सबसे अधिक फसलों को नुकसान हुआ है। ग्राम बूढ़ा के किसानों ने बताया सन 1984 में ऐसी बाढ़ देखी थी।

ऐसे में गांव के किसानों का कहना है बाढ़ ने लगभग 100 से 200 एकड़ रकबे की फसलें खराब की है। ऐसे में किसान अब सरकार की तरफ आशा भरी नजरों से टकटकी लगाए देख रहे है। 40 साल बाद आई बाढ़ की विभीषिका ने किसानों को तबाह कर दिया।

### किसान कर रहे राहत और मुआवज़े की मांग

तहसील में हुई तेज़ बारिश ने किसानों की महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में खड़ी फसलें जलभराव के कारण बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं। लंबे समय तक खेतों में पानी भरा रहने से फसलें सड़ने लगी है, जिससे उत्पादन प्रभावित होगा। किसानों का कहना है कि खेती में लगाया गया कर्ज़ और श्रम, दोनों ही डूब चुके हैं।

वहीं किसान महेश लोधी, सविता धाकड़, रंजीत लोधी ने कहा कि खेत में पानी का स्तर इतना है कि मशीन या श्रमिक कोई भी कटाई संभव नहीं है। किसानों की मांग है कि प्रशासन शीघ्र फसलों का सर्वेक्षण कर नुकसान का आंकलन करे और राहत पैकेज घोषित करे।

### 1984 में आई थी ऐसी बाढ़

हमारे गांव में सन 1984 में ऐसी बाढ़ आई थी, जो अब आई है। किसानों की धान, तुवर, उड़द, सोयाबीन फसल नष्ट हो गई। गाांव की कम से कम 100 से 150 एकड़ जमीन की फसल नष्ट हो गई।

-जंडेल सिंह, किसान ग्राम बूढ़ा।

### सर्वे होने का इंतजार

बेगम नदी में आई बाढ़ की वजह से गांव के किसानों की फसलें नष्ट हो गई। मेरी खुद की 5 एकड़ की धान गल गई है। सभी किसानों को फसलों के नुकसान के लिए सर्वे दल का इंतजार है।

- दीपक रघुवंशी, किसान ग्राम बूढ़ा

### इनका कहना है

अतिवृष्टि से किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचा है, निश्चित तौर हम तहसील सिलवानी के ग्राम बूढ़ा के किसानों के साथ खड़े हैं। टीम पहुंचाकर जल्द सर्वे कराया जाएगा।

- अरुण विश्वकर्मा, कलेक्टर

*नेशनल इंस्टीट्यूट फैशन टेक्नोलॉजी की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में हुआ चयन*

## नमामि ने बढ़ाया नगर का गौरव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



एक छोटे से नगर के चैनपुर रोड पर रहने वाले परिवार की बिटिया कु. नमामि सोनी पुत्री चन्द्रशेखर सोनी ने नेशनल इंस्टीट्यूट फैशन टेक्नालॉजी की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में चयन होने से अपने परिवार के साथ नगर का गौरव बढ़ाया है। एक छोटे से नगर की बिटिया नमामि सोनी फैशन टेक्नालॉजी में चयन हुआ और उन्हें भोपाल केम्पस में प्रवेश भी हो गया है। चयनित नमामि सोनी के पिता चन्द्रशेखर सोनी वन विभाग में डिप्टी रेंजर है, और छिंदवाडा जिले में पदस्थ है।

नमामि सोनी को मिली सफलता से परिवार सोनी समाज के साथ अन्यों में हर्ष बना हुआ है। बिटिया नमामि को बधाई शुभकामनाएं दी जा रही है। परिवार में खुशी का माहौल बना हुआ है।

**खबर संक्षेप**

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह आज रायसेन में

**रायसेन।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज



बुधवार 13 को रायसेन में तिरंगा और स्वदेशी मार्च में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान 13 अगस्त को दोपहर 2 बजे विदिशा से प्रारंभ होने वाली तिरंगा और स्वदेशी मार्च का शुभारंभ करेंगे तथा तिरंगा और स्वदेशी मार्च के साथ शाम 4 बजे रायसेन पहुचेंगे। यह तिरंगा और स्वदेशी मार्च विदिशा से सांची, सलामतपुर-तिराहा, गोपालपुर होते हुए महामाया चौक पहुचेंगा तथा यहां केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान जनसमूह को संबोधित करेंगे। समापन उपरांत केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान रायसेन से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### राष्ट्रवीर श्री दुर्गादास राठौर जयंती आज

**रायसेन।** राष्ट्रवीर श्री दुर्गादास राठौर की 387वीं जयंती आज बुधवार को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। शहर के सागर रोड स्थित मां भगवती पैलेस में जयंती समारोह मनाया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ प्रभुराम चोधरी रहेंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशन राठौर करेंगे, जबकि विशेष अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष सविता जमना सेन, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीना, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, राजेंद्र सिंह राठौर उपस्थित रहेंगे।

## लोगों की सजगता से बैंक में लूट की कोशिश नाकाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

गाड़ी कमाई के 40 हजार रुपए बैंक में जमा कराने आए एक युवक के साथ लूट की वारदात को आरोपी अंजाम दे पाते उसके पहले ही बैंक में मौजूद लोगों की सक्रियता से लूट की वारदात होने से बच गई। आरोपी भागने में सफल हो गए।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के समय करीब 12 बजे ग्राम सिंगोटा का एक युवक सूरज जाटव नगर में स्थित मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा में 40 हजार रुपए की राशि खाते में जमा कराने आया। युवक कैश काउंटर पर राशि जमा करने हेतु पर्ची भर रहा था तभी पीछे से आए दो युवको ने उसे बातो मे उलझाया तथा उसके पास रखे 40 हजार रुपए लेकर भागने लगे। पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर बैंक में मौजूद लोगों ने आरोपियों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह लोगों को चकमा देकर बैंक के बाहर खड़ी बाइक पर बैठ कर भागने में सफल हो गए। लोगों के शोर मचाने पर आरोपी जो कि अज्ञात बताए जा रहे है। वह लूट की राशि बैंक में ही छोड़ कर फरार हो गए।

### लूट की वारदात से बैंक परिसर में मची अफरा तफरी

लूट की वारदात होते ही बैंक में अफरा-तफरी मच गई। लोगों की सर्तकता से युवक की रकम लूट होने से बच गई। प्रतिदिन उक्त बैंक में लाखों रुपए का लेन-देन होता हैं, लेकिन बैंक में सुरक्षा गार्ड नहीं हैं। जिससे बैंक की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं कि बैंक का उच्च प्रबंधन बैंकों की शाखाओं में सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था क्यों नहीं कर रहा है। जबकि प्रतिदिन लाखों रुपए का लेन-देन बैंकों में होता है।

### फरियादी ने नहीं कराई रिपोर्ट दर्ज

लूट की असफल घटना के बाद फरियादी के द्वारा पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गई। एसडीओपी अनिल मौर्य ने बताया कि बैंक में हुई वारदात की रिपोर्ट फरियादी द्वारा पुलिस को नहीं दी गई है।

### इनका कहना है

घटना की जानकारी से बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन को अवगत कराया है। बैंक की किसी भी शाखा में गार्ड की व्यवस्था नही

- उपेंद्र जैन मैनेजर, एमपीजीवी।

## स्कूली बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज



हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा बालमपुर से फैक्ट्री चौराहा दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, हाईवे से होते हुए बालमपुर पहुंची। इस दौरान ग्रामीण और स्कूली छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

यात्रा में 41 बटालियन की ई/जी कंपनी द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। सीआरपीएफ कैंप से 41 बटालियन की ई/जी कंपनी सीआरपीएफ सहायक कमांडेंट श्यामनारायण सिंह, निरीक्षक/ जीडी राजवीर सिंह, धर्मवीर सिंह, रामसिया राठौर, उप निरीक्षक जीडी दीपक सिंह, हवलदार जीडी अशोक कुमार पाठक एवं 40 अन्य कर्मिक हर घर तिरंगा बाइक रैली में सम्मिलित हुए। यात्रा में स्कूली बच्चे, शिक्षक, ग्रामीण सहित सरपंच हरिसिंह मीणा भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## परशुराम सेना ने पिपलेश्वर मंदिर में मनाया भुजरिया मिलन समारोह

### परशुराम सेना में हुई नई नियुक्तियां, हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

परशुराम सेना के पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा मार्केटिंग सोसायटी स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में भुजरिया मिलन पर्व मनाया। परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष विपिन व्यास की विशेष उपस्थिति में भुजरिया मिलन समारोह हुआ। जिसमें ब्लॉक संगठन महामंत्री अंशुल भार्गव एवं नीरज बिदुआ को ब्लॉक मीडिया प्रभारी नियुक्त किए जाने की घोषणा ब्लॉक अध्यक्ष विपिन व्यास द्वारा की गई। दोनों नव नियुक्त पदाधिकारियों का पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा स्वागत किया।

### सामाजिक एकता का संकल्प

भुजरिया मिलन समारोह में अनिल भार्गव, दिनेश राजौरिया, सुरेन्द्र भार्गव, देवेन्द्र रावत, शंभूशरण चौबे, अरविन्द शर्मा, रामकुमार तिवारी, मनोज भार्गव, वीरेन्द्र शर्मा, सुमित शर्मा के साथ अन्यों की उपस्थिति रही। संगठन को मजबूत करने आपसी भाईचारें के साथ सामाजिक एकता सहयोग की उपस्थित सदस्यों द्वारा संकल्प लिया।

## शिक्षा जिहाद के मामले ने पकड़ा तूल, विद्यार्थी परिषद ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने शिक्षा जिहाद के मामले पर कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव कर धरना दिया। अभाविप कार्यकर्ता स्कूल की मान्यता रद्द करने पर अड़े रहे। करीब 3 घंटे कलेक्ट्रेट कार्यालय में गहमागहमी होती रहीं।

विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं द्वारा प्रदर्शन के बाद कलेक्टर विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बेबी कान्वेंट स्कूल की मान्यता रद्द करने की मांग की गई है। कलेकटर ने आश्वासन देते हुए कहा कि मामले की जांच के लिए समिति बनाई गई है, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

विरोध प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह सोलंकी विदिशा विभाग संयोजक अश्वनी पटेल, जिला संयोजक शुभम सेन, नगर मंत्री अभिषेक चंदेल, एसएफडी प्रमुख सौरभ कलावत, सचिन सेन नगर सह मंत्री सहित विद्यार्थी परिषद के अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### ये था मामला...

अभाविप का कहना है कि बेबी कान्वेंट स्कूल की संचालक द्वारा इस्लामीकरण की शिक्षा दी जा रही है। मामले में अभिभावकों एवं विद्यार्थी परिषद ने स्कूल पहुंचकर विरोध जताया था। स्कूल में बच्चों को क से कावा, न से नमाज और शिक्षा जिहाद मुस्लिम शिक्षा देने का मामला काफी गर्म है।

### अधिकारियों ने दी समझाइश, जिद पर अड़े रहे कार्यकर्ता

समझाइश देने सीइओ जिपं अंजू पवन भदौरिया, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा, एसडीएम मुकेश सिंह, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा मौके पर पहुंची। लेकिन विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता कार्यकर्ता कलेक्टर से मुलाकात करने की जिद पर अड़े रहे।

### तेज़ रफ्तार कार ने बाइक में सामने से मारी टक्कर, पति-पत्नी सहित साली घायल

**सलामतपुर।** हलाली डेम रोड पर तेज रफ्तार कार ने सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी। जिसकी वजह से तीन लोगों को गंभीर चोटें आ गईं। कार चालक मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया।

थाने से मिली जानकारी के अनुसार हलाली डेम रोड पर 40 वर्षीय दीवान सिंह पिता सरदार सिंह आदिवासी अपनी बाइक एमपी 05 एमए 1866 से पत्नी लक्ष्मी बाई और साली सनैया के साथ जा रहा था, तभी रास्ते में पुरा गांव के पास एक तेज रफ्तार कार एमपी 09 एचडी 4414 ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से मोटरसाइकिल पर सवार तीनों लोग दूर जा गिरे, जिससे तानों को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर घायलों को सांची अस्पताल में भर्ती कराया। फरियादी की रिपोर्ट पर कार चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच में लिया है।